पुना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

# CLASS_3

# HINDI

# SA-2-ASSIGNMENT

# 2020-21

## १-पठन-भाग (अपठित गद्यांश)

प्र-१-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ करके प्रश्नों के उत्तर चुनिए-

महात्मा बुद्ध एक बार भिक्षा मांगने जा रहे थे| रास्ते में उन्हें एक घर दिखाई दिया | घर की मालकिन झगड़ालू थी| उन्हें भिक्षा मांगते देख वह उन्हें अपशब्द कहने लगी, पर महात्मा बुद्ध शांत भाव से उसकी बातें सुनते रहे| उनके शांत चेहरे को देख मालकिन का गुस्सा दोगुना हो गया |जब वह कुछ शांत हुई,तो महात्मा ने उस स्त्री से पूछा ,'यदि मैं आपका दिया भोजन न स्वीकार करूँ तो वह भोजन किस के पास रहेगा ?' वह स्त्री बोली ,'मेरे पास रहेगा |'महात्मा बुद्ध मुस्कुराए और बोले-'यदि मैं आप के बोले हुए अपशब्द को न स्वीकार करूँ तो क्या होगा?' यह सुन कर वह स्त्री बहुत शर्मिन्दा हुई और उसने भगवान् बुद्ध से क्षमा मांगी|

प्र-१-महात्मा बुद्ध किस काम से जा रहे थे?

अ-भिक्षा मांगने     ब-भ्रमण करने     क-उपदेश देने

प्र-२-घर की मालकिन कैसी थी?

अ-सुंदर     ब-झगडालू     क-अच्छी

प्र-३-महात्मा बुद्ध को भिक्षा मांगते देख कर स्त्री ने क्या किया?

अ-भोजन कराया     ब-बहार बैठाया     क-अपशब्द बोले

प्र-४-सबसे पहले अपशब्द सुन कर महात्मा बुद्ध ने उस स्त्री से क्या पूछा ?

अ-यदि मैं तुम्हारा दिया भोजन न लूँ तो     ब-यदि मैं तुम्हे दंड दे दूँ तो

प्र-५-स्त्री ने भगवान् बुद्ध से क्षमा क्यों मांगी?

अ-बुद्ध ने भोजन नही लिया     ब-अपनी गलती समझ आ गई     क-भगवान् ने दंड दिया था

प्र-६-'शांत' का विलोम शब्द कौन-सा होगा ?

अ-विशान्त     ब-निशांत     क-अशांत

प्र-७-'मुस्कुराने' का अर्थ क्या होगा?

अ-धीरे से हंसना     ब-जोर से हंसना     क-दांत निकाल कर हँसना

प्र-८-'स्त्री'शब्द का लिंग परिवर्तन करिए|

अ-स्त्रियाँ     ब-पुरुष     क-औरत

प्र-९-'अपशब्द ' का क्या अर्थ होगा ?

अ-हंसना     ब-चिल्लाना     क-गुस्सा करना

प्र-१०-यह गद्यांश किस भगवान् पर लिखा है?

अ-बुद्ध     ब-महावीर     क-राम

प्र-२-नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर चुनिए –

नीम भारत का जाना पहचाना वृक्ष है|बबूल की तरह इसके बीज बरसात में उग जाते हैं| गाँव में आँगन ,खेत की मेड़ों और बगीचों में नीम के पेड़ लगे जाते हैं| नीम की पत्तियों को गेहूं,जौ,चने में कीटनाशक दवा के रोप में प्रयोग किया जाता है|नीम की दातुन दांत के रोगों तथा कीड़ों से बचाव कटा है| नीम की दातुन

करने से दांत मजबूत रहते हैं|नीम की छाल चोट के घाव पर मरहम का काम करती है|नीम का अर्क(रस) पीने से खून साफ़ होता हैं |

प्र-१-गद्यांश में किस वृक्ष की बात हो रही है?

अ-नीम  ब-आम  क-पीपल

प्र-२-नीम की पत्तियों का प्रयोग किस रूप में होता है?

अ-भोजपत्र  ब-कीटनाशक  क-चाय

प्र-३-नीम की दातुन किस से बनती है?

अ-पेड़ से  ब-पत्तियों से  क-टहनी से

प्र-४-नीम की दातुन से क्या फायदा है?

अ-दांत मजबूर रहते है  ब-सस्ता पड़ता है  क-दांत सफेद रहते है

प्र-५-नीम का अर्क पीने से क्या होता है?

अ-बीमारिया नही होती  ब-रंग साफ़ होता है  क-खून साफ़ होता है|

प्र-६-घाव पर क्या लगाया जाता है?

अ-मरहम  ब-हल्दी  क-दूध

प्र-७-गद्यांश में से दो वृक्षों के नाम लिखो|

अ-आम,सेब  ब-नीम,बबूल  क-गेहूं,जौ

प्र-८-गद्यांश में से तीन अनाज के नाम लिखो|

अ-मक्का,जौ,बाजरा  ब-गेहूं,नीम,जौ  क-गेहूं,जौ,चने

प्र-९-'अर्क ' का क्या मतलब होता है?

अ-रस  ब-पानी  क-फल

प्र-१०-गद्यांश में किस देश का नाम है

अ-मजबूत  ब-दातुन  क-भारत

३-नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर चुनिए –

अभी-अभी थी धूप बरसने लगा कहाँ से यह पानी
किसने फोड़े घड़े बादल के ,की है इतनी शैतानी|
सूरज ने क्यों बंद कर लिया अपने घर का दरवाजा
उसकी माँ ने भी क्या बुला लिया उसे कह कर राजा–आजा |

प्र-१-कविता में अभी-अभी क्या थी-

अ-धूप  ब-बादल  क-बारिश

प्र-२-बदल पानी किस में रखता है?

अ-थाली में  ब-घडों में  क-गुब्बारों में

प्र-३-अपने घर का दरवाजा किसने बंद कर लिया?

अ-बादल ने    ब-धूप ने    क-सूरज ने

प्र-४-कविता में किसने शैतानी की ?

अ-बादल ने    ब-बारिश ने    क-पानी ने

प्र-५-किसकी माँ ने राजा-आजा कह कर बुला लिया?

अ-बादल की    ब-सूरज की    क-धूप की

प्र-६-पद्यांश के देख कर 'राजा' का तुकात्मक शब्द लिखिए|

अ-बाजा    ब-दरवाजा    क-आजा

प्र-७-'दरवाजा' का पर्यायवाची शब्द लिखिए-

अ-द्वार    ब-कमरा    क-छत

प्र-८-माँ शब्द का लिंग परिवर्तन क्या होगा ?

अ-नानी पिता    ब-पिता    क-माते

प्र-९-'घड़े' का अर्थ क्या है?

अ-थाली    ब-बादल    क-मटका

प्र-१०-क्या अपने कभी शैतानी की है?

अ-हाँ    ब-नही    क-पता नही

४-नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर चुनिए –

होली का दिन सबको भाए,आओं मिलकर नाचे-गायें|
मस्ती है खुशियों के पल है,आज सभी का दिल निर्मल हैं|
बोले सबसे प्यार की बोली, रंग-गुलाल लगायें रोली |
सबमें छाई नई उमंग है,पिचकारी में भरकर रंग |

प्र-१-इस कविता में किस त्यौहार की बात कही गई है?

अ-होली    ब-दिवाली    क-रोली

प्र-२-होली के दिन सभी के दिल कैसे है?

अ-कठोर    ब-निर्मल    क-अशांत

प्र-३-कविता में होली के दिन सभी मिलकर क्या करते है?

अ-रोते है    ब-गुजिया खाते हैं    क-नाचते-गाते हैं

प्र-४-कौन–सा पल है?

अ-खुशियों का    ब-निर्मल का    क-गुलाल का

प्र-५-कौन –सी बोली बोलने की बात कही है?

अ-कडवी    ब-प्यार    क-भाय की

प्र-६-नई क्या छाई हुई है?

अ-होली    ब-खुशियाँ    क-उमंग

प्र-७-कविता में रंग के साथ क्या लगाने की बात कही गई है?

अ-गुलाल और रोली    ब-मस्ती और रोली    क-उमंग और रंग

प्र-८-किसमें रंग भरना है?

अ-हाथों में    ब-पिचकारी में    क-बाल्टी में

प्र-९-कौन सा दिन सब को भाये?

अ-होली का    ब-रविवार का    क-मस्ती का

प्र-१०-आप को कौन-सा त्यौहार पसंद है?

अ-होली    बी-दीवाली    क-नवरात्री

## २-लेखन भाग (आनुच्छेद-लेखन)

### १-व्यायाम-

१-जीवन में स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है|

२-अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यायाम करना जरूरी है|

३-व्यायाम करने से शरीर में स्फूर्ति आती है |

४-मन शांत रहता है और काम में मन लगता है|

५-व्यायाम से हम बीमार नही पड़ते |

६-व्यायाम कने के अनेक तरीके हैं जो घर या स्कूल में कराये जाते हैं|

७-सुबह खुले मैदान या बगीचे में सैर कारना व्यायाम का तरीका है|

८-साईकिल चलाना ,तैरना योग आसन करने से भी लाभ मिलता है |

९-आज की प्रदुषण वाले वातावरण में व्यायाम जरुरी है|

१०-व्यायाम करने से हमारे शारीर के सभी अंगों का संचालन ठीक रहता है|

### २-क्रिसमस-

१-क्रिसमस ईसाइयों का त्यौहार है|

२-यह त्यौहार महात्मा ईसामसी के जन्म दिन के रूप में मनाया जता है|

३-इस त्यौहार को पूरा संसार मनाता है|

४-हर साल 25 दिसम्बर को यह त्यौहार मनाया जता है|

५-इस दिन लोग नए कपड़े पहन कर गिरजाघर जाते हैं|

६-लोग अपने घर को साफ़ करते हैं और घर में क्रिसमस का पेड़ लगते हैं ,और उस में बच्चों के लिए उपहार लगा देते है|

७-सभी लोग गिरजाघर में एक साथ प्रार्थना करते हैं|

८-प्रार्थना के बाद सभी लोग एक-दूसरे को 'मेरी क्रिसमस' बोलते हैं|

९-लोग इस दिन तरह-तरह के पकवान बनाते है और बांटते हैं|

१०-विशेष रूप से क्रिसमस पर केक ही सबसे अच्छा पकवान होता है|

११-इस दिन पूरी दुनिया में छुट्टी रहती है|

१२-यह त्यौहार  आपस में खुशियाँ बाँटने और स्नेहभाव रखने का संदेश देता है|

## ३-'पेड़ हमारे मित्र'

१-मनुष्य के जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व  है| पेड़ हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं|

२-पेड़ से हमें शुद्ध ,ताजी हवा मिलती है| जो हमें जीवित रखती है |

३-पेड़ों से हमें फल,सब्जी, लकड़ी,दवाई ,कपड़ा आदि मिलता है|

४-पेड़ की लकड़ी से हम घर बनाते हैं और घर का फर्नीचर बनाते हैं|

५-पेड़ होने बारिश भी ज्यादा होती है|

६-पेड़ों की कटाई करने से जमीन सूख जाती है| जिस से जमीन गरम  हो रही है |

७-ज्यादा गरमी से पहाड़ों और ध्रुवों की बरफ पिघल रही है |जिस से बाढ़ आ जाती है|

८-हमें ताजी हवा चाहिए ,तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना होगा |

९-पेड़ों की कटाई पर रोक लगानी होगी|

१०-सभी स्कूलो में पेड़ लगाने का कार्यक्रम होना चाहिए|

११-यदि जीवन लम्बा और अच्छा चाहिए ,'**तो पेड़ लगाओ ,जीवन बचाओ'** का नारा लगाना होगा |

## (पत्र-लेखन)

१-आप के मामा की शादी है सूरत में ,अपनी कक्षा-अध्यापिकाजी को एक अवकाश पत्र लिखिए|

सेवा में,
कक्षा अध्या पिका जी,
पूना इंटरनेशनल स्कूल,
झुंडाल ,गांधीनगर |
दि-६-१-२१
विषय –अवकाश के लिए पत्र|
माननीय अध्यापिका जी,

मैं ---------- हूँ |आपको बताना चाहती हूँ कि मेरे मामाजी की शादी सूरत में है|मुझे वहां जाना है|आप से निवेदन है कि आप मुझे दो दिनों का अवकाश देने की कृपा करें|

धन्यवाद,
आप की छात्रा/छात्र
-------कक्षा-३

२- अपने जन्मदिन की पार्टी में पत्र लिख कर अपने मित्र को बुलाइए -

राज पटेल,
१०-जनता सोसायटी,
नवरंगपुरा,
अहमदाबाद|
दी-११-१-२१

प्रिय मित्र,

कैसे हो?मैं तो यहाँ पर मजे में हूँ|मित्र, यह पत्र में एक जरुरी बात बताने के लिए लिख रहा हूँ |मुझे पता था तुम भूल गए हो, मेरा जन्मदिन!

इस बार पापा और माँ ने मेरे जन्मदिन की पार्टी घर पर ही रखी है|तुम्हे अपने माँ-पापा के साथ ३०-१-२१ को जरुर आना है|

माँ ने पार्टी के लिए बहुत सी तैयारियां कर रखी हैं|पार्टी में मैंने बड़ा सा शक्तिमान का केक बनवाया है | खाने में पानी-पूरी,दही-बड़ा ,चाऊँमीन, पिज़्ज़ा और कोल्ड कांफी विद आइसक्रीम हैं| बड़ा मजा आयगा तुम जरुर आना| खूब डांस भी करेंगे| पापा ने कुछ गेम(खेल) भी करने की सोची हैं|

चल अब मैं पत्र पूरा करता हूँ |याद रखना जरुर आना है|नही तो मैं गुस्सा हो जाऊंगा |

तुम्हारा प्यारा मित्र ,
सोनू

३-ग्रीष्म अवकाश में अपने नाना-नानी के साथ रहने के लिए पिताजी से अनुरोस्ध करते हुए पत्र लिखिए-

राम रत्न पटेल
१०-मयूर पार्क सोसायटी ,
नवरंगपुरा,
अहमदाबाद|
दी-२०-१-२१


पूज्य पिताजी,

नमस्कार, आप और माँ कैसे हैं ?आशा करता हूँ सभी कुशलता से होंगे| मैं यहाँ मजे में हूँ | मेरी परीक्षा बहुत अच्छी हो गई है|अब हमारी गर्मियों की छुट्टियां होने वाली हैं| पिताजी इस बार हम ग्रीष्म अवकाश में नाना-नानी के गाँव जाये| काफी समय से हम उनके पास नही गए |नानी जी का मुझे फोन भी आया था |बहुत याद कर रहीं थीं हम सब को |यदि आप ठीक समझे तो हम सभी नाना-नानी के पास चलते हैं|

माँ को मेरा प्रणाम कहना |

आप का लड्ला,
चीकू

## १-चित्र-वर्णन –चित्र देखकर दस वाक्य लिखिए-



१-यह चित्र होली के त्यौहार का है |

२-यहाँ एक ढोलवाला ढोल बजा राहा है |

३-एक बड़ी मेज़(टेबल) पर कुछ रंग ,पिचकारियाँ रखी हुई हैं |

४-मेज़ के किनारे नीचे एक पानीवाले रंग की बाल्टी रखी है|

५-चित्र में तीन बच्चे भी हैं ,जो एक दूसरे के ऊपर रंग दाल कर खुश हो रहे हैं|

६-यहाँ दो लड़कों के पास पिचकारी है और एक लडकी है, उसके पास सूखा रंग है|

७-सभी बहुत खुश नजर आ रहे हैं|

२-चित्र-वर्णन-



१-यह चित्र एक एक विद्यालय का दिख रहा है|

२-यहाँ वृक्षारोपन का कार्यक्रम चल रहा है| (पेड़ लगाओ अभियान)

३-यहाँ एक अध्यापिका है ,जो छात्रों को पेड़ लगाना सिखा रहीं हैं|

४-दो छात्रो के हाथों में पौधें हैं|

५-दो छात्रों के हाथ में पानी डालने का झरना है|

७-तीन छात्रा पौधे लगा रही हैं |

८-अध्यापिका के पीछे बहुत से पौधें रखें हैं|

९-सामने स्कुल की इमारत दिख रही है|

१०-यह कार्यक्रम स्कूल के बाग़ में हो रहा है|

# ३-चित्र-वर्णन -



१-यह चित्र एक बाग़ का है ।

२-बाग़ बहुत ही सुन्दर दिख रहा है|

३-बाग़ में बच्चे खेल रहे हैं|

४-एक दादी माँ पक्षियों को दाना खिला रहीं हैं|

५-एक मातापिता अपने छोटे बच्चे को गाडी में घुमाने लाये हैं|

६-एक बच्चा गुब्बारा उड़ाते हुए भाग रहा है|

७-बाग़ में एक बहुत सुन्दर मूर्ति हहै ,जो एह झरना है|

८-बाग़ का फाटक बहुत बड़ा है ।

९-एक आदमी गाने सुन रहा है ।

१०-बाग़ काफी साफ़-सुथरा है|

## ३-व्याकरण-भाग-

१-निम्नलिखित शब्दों में जो संज्ञा शब्द नही है उसे X करिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| १-मटकी | गेंद | खिलौना | छोटी |
| राम | जल्दी | पाठशाला | जहाज |
| कम | आसमान | सागर | बटुआ |

२-निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम चुनिए-

१-वह मेरा भाई है| (वह) २-आज तुम्हारा काम पूरा नही हुआ? (तुम्हारा)

३-उसे क्या काम था ? (उसे) ४-बाहर कोई आया है| (कोई)

३-वाक्य को शुद्ध काके लिखिए-

१-मैंने आज वहां जाना है|
मुझे आज वहां जाना है|

२-गांधीजी सच बोलता है|
गांधीजी सच बोलते हैं|

३-मानसून आ गई|
मानसून आ गया|

४-हम आपसे कहे थे|
हमने आपसे कहा था|

४-वाक्यों में विशेषण चुनिए-

१-गौरी <u>सुंदर</u> लड़की है|

२-भगवान् <u>दयालु</u> है |

३-आसमान <u>नीला</u> है|

४-<u>छोटा</u> बच्चा रो रहा है|

५-पर्यायवाची शब्द लिखिए-

१-आँख-नयन,चक्षु ,लोचन,नेत्र

२-धरती-धरा ,अवनी,भू, भूमि

३-आकाश-नभ,आसमान ,गगन

४-हवा-पवन,समीर वायु

५-औरत-स्त्री,नारी,महिला

६-ईश्वर-प्रभु,भगवान्,देव

६-अनेक शब्द के लिए एक शब्द –

१-जो चित्र बनाए-चित्रकार

२-जिसमें दया हो-दयालु

३-जो धर्म को मानता हो-धार्मिक

४-जो सेना में काम करे-सैनिक

५-जो पढ़ा-लिखा हो-शिक्षित

६-लड़ी-झगडा करनेवाला-झगडालू

७-जिसमें बल न हो-निर्बल

८-जो बीमारों का ईलाज करे-चिकित्सक

९-जो मूर्ती बनाए-मूर्तिकार

१०-जिसे भय न हो-निर्भय

७-मुहावरे-

१-कान भरना-भड़काना

२-लाल-पिला होना-बहुत गुस्सा होना

३-पेट में चूहे कूदना-बहुत भूख लगना

४-चेहरा खिल उठना-बहुत खुश होना

५-गाँठ बाँधना-याद रखना

६-आँख लगना-नींद आना

७-मुंह में पानी आना-खाने का मन काना

८-मुंह की खाना-बुरी तरह हारना

९-हाथ साफ़ करना-चोरी करना

१०-ईंद का चाँद होना-कभी-कभी दिखना

८-शब्दों के बहुवचन बनाइये-

१-छीपी-छीपियाँ　२-आना-आने　३-झोली-झोलियाँ　४-नदी-नदियाँ

## ४-साहित्य भाग - पाठ्य-पुस्तक के पाठ-9 से 14 तक

१-अतिलघु प्रश्न-उत्तर-

प्र-१-अवंती की किस चीज की दूकान थी?

उ-१-रंगाई की

प्र-२-अवंती की प्रशंसा सुन कर किसे ईर्षा होने लगी?

उ-२-सेठ को

प्र-३-क्योजिमल और कैसेकेसलिया कौन थे?

उ-३-दोनों दोस्त थे |

प्र-४-गुरुजी बाजार कैसे जा रहे थे?

उ-४-साइकिल से

प्र-५-मीरा बहन का जन्म कहाँ हुआ था?

उ-५-इंग्लैड में

प्र-६-मीरा बहन घर-बार छोड़ कर कहाँ आ गई थी?

उ-६-भारत आ गई थी|

प्र-७-बच्चे ने अहाते में किसे रेंगते देखा?

उ-७-छोए सांप को

प्र-८-बच्चे को किसने काटा था?

उ-८-बर्र ने काटा था|

प्र-९-काबुली वाले ने लालमिर्च को क्या समझा?

उ-९-मीठा फल समझा

प्र-१०-काबुलीवाले ने लालमिर्च किस से खरीदी?

उ-१०-कुंजडीन से

प्र-११-बड़े भाई ने किस पेड़ के नीचे झोपड़ी बनाई?

उ-११-आम के पेड़ के नीचे

प्र-१२-रबर से क्या बनता है?

उ-१२-गुब्बारे,टायर,वायर

२-लघु और दीर्घ प्रश्न-उत्तर-

प्र-१-सेठ किसके हुनर को परखना चाहता था?

उ-१-सेठ अवंती के हुनर को परखना चाहता था|

प्र-२-अवंती और सेठ में से कौन बुद्धिमान था?

उ-२-अवंती ज्यादा बुद्धिमान था क्योंकि उसने अपने जवाब से सेठ की चाल पलट दी थी|

प्र-३-शिवदास ने गुरुजी की मदद किस प्रकार की?

उ-३-शिवदास ने अपनी साइकिल देकर गुरुजी की मदद की|

प्र-४-मीरा बहन ने अपने आश्रम की स्थापना कहाँ की?

उ-४-मीरा बहन ने गेंवली गाँव में अपने आश्रम की स्थापना की?

प्र-५-गेंवली गाँव में एक बार क्या घटना घटी ?

उ-५-गेंवली गाँव में एक बार एक बाघ गाँव में घुस आया और गाय को मार दिया|

प्र-६-पिंजरा किस जगह रखा गया?

उ-६-जहां अक्सर बाघ आता था उस जगह पर पिंजरा रखा गया|

प्र-७-बच्चे को देखते ही सांप कहाँ छिप गया?

उ-७-बच्चे को देखते ही सांप नारियल के खोल में छिप गया|

प्र-८-नाना बच्चे को लेकर किस के पास गए?

उ-८-नाना बच्चे को लेकर एक झाड-फूंक वाले के पास ले गए|

प्र-९-बच्चे का इलाज बूढे आदमी ने कैसे किया?

उ-९-बूढे आदमी ने एक पीतल के बर्तन में पानी ले कर उसमें मंत्र फूंके और फिर उस पानी में बच्चे की उंगली डुबो दी|थोड़ा पानी बच्चे को पिला भी दिया|

प्र-१०-कौन-सी चीज देख कर काबुलीवाले के मुंह में पानी आ गया?

उ-१०-लाल-लाल मिर्च देख कर काबुलीवाले के मुंह में पानी आ गया |

प्र-११-कुंजड़ी ने लाल मिर्च के बारे में काबुलीवाले से क्या कहा?

उ-११-कुंजड़ी ने काबुलीवाले से लाल मिर्च के बारे में कहा कि ये तो सभी खाते है|

प्र-१२-सिपाही की बात सुनकर काबुलीवाले ने क्या उत्तर दिया ?

उ-१२-काबुलीवाले ने उत्तर दिया कि तू जा अपने रास्ते ,मै अपने पैसों की खरीद कर मिर्च खा रहा हूँ

प्र-१३-तीनों भाई कौन से मौसम में घर की तलाश में निकले?

उ-१३-तीनों भाई गरमी के मौसम में घर की तलाश में निकले थे|

प्र-१४-केले के पेड़ हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं?

उ-१४-केले के पत्ते को खाने के बर्तन की तरह उपयोग कर सकते है,केले की शब्जी बना कर खा सकते हैं,केले जब पक जाता है तो उसे खा कर भूख मिटा सकते है, केले को दूध में मिला कर पी सकते है|

प्र-१५--नीम की टहनियां किस-किस काम आती हैं?

उ-१५-नीम की टहनियां दातुन के काम आती हैं,कोई जब बीमार हो तो घर के दरवाजे पर नीम लटका दी जाती हैं|

प्र-१६-रबर कैसे बनता है?

उ-१६-रबर के पेड़ पर चाकू से एक चीरा लगा कर उसके नीचे एक कटोरा लगा दिया जाता है|चीरा जहां लगा है,वहां से दूधिया जैसा रस निकलता है|उस रस को जमा करके एक बर्तन में पकाने से रबर बन जाता है|

प्र-१७-नारियल के पेड़ से हमें क्या-क्या लाभ हैं?

उ-१७-नारियल के पेड़ से अनेक लाभ हैं| नारियल की जटाओं से मोटी डोरियाँ बनाई जाती हैं| उस डोरियों से चटाइयां बनाई जाती हैं|नारियल का पानी पिने से प्यास बुझती हैं ,पानी मीठा और स्वादिष्ट होता है| नारियल की मलाई खाने में अच्छी लगती है| नारियल को सुखाने पर वह खोपरा बन जाता है,जो बहुत से पकवान और मिठाइयों में डलता हैं|नारियल का तेल खाना पकाने के काम आता है|इसी तेल से साबुन और क्रीम भी बनता है|

## पाठ्यपुस्तक के आधारित प्रश्न-उत्तर-

### १-रिक्त स्थानों को दिए गए शब्दों से भरिए-

[ गांधीजी ,पानी,चक्की ,बल, कपड़ा, पेरकर ]

१-अवंती गांववालों के लिए कपड़ा रंगता था|

२-गेहूं चक्की में पिस्ता है|

३-मीरा बहन गांधीजी के साथ काम करने लगी|

४-काबुलीवाला समझा मिर्च खाने से बल मिलता है|

५-काबुलीवाले की आँखों में पानी भर आया|

६-खोपरा पेरकर गोले का तेल बना सकते है|

### २-सही है या गलत –

१-क्योजिमल ने गुरुजी को नमस्ते नही करी| (गलत)

२-मीरा बहन ने आश्रम का नाम गोपाल आश्रम रखा| (सही)

३-लोगों ने देखा बाघ पिंजड़े में बंद है| (गलत)

४-बच्चे ने सांप पकड़ने की बात नानी को बताई थी| (सही)

५-लाल मिर्च देखकर काबुलीवाले की आँखे बंद हो गई| (गलत)

६-कच्चे आम का अचार बनता है| (सही)

७-नीम की दातुन अच्छी नही होती| (गलत)

## ३-शब्दार्थ:-

१-चूसना-धीरे-धीरे पीना

३-बढ़िया –बहुत अच्छा

२-दातुन-नीम या बाबूल की पतली टहनी

४-दुधिया-दूध जैसे रंग का

५-मूल्य-दाम

६-झोली-पल्लू की थैली

७-बेवकूफ़-मूर्ख

८-सौदा-लेना-देना

९-चवन्नी-25-पैसे

१०-पतली छीपी-पतली-मिर्च

११-आज़ादी-मुक्ति ,स्वतंत्रता

१२-खतरनाक-भयानक

१३-खबर-समाचार

१४-रेंगना-जमीन पर सरकना

## ४-शब्दों से वाक्य बनाओ-

१-रेगना- सड़क पर घायल कुत्ता रेंगता हुआ रो रहा था|

२-खतरनाक- सांप को पकड़ना खतरनाक काम है|

३-कोशिश- कोशिश करने से कठिन काम भी आसान हो जाते है|

४-आसमान आज आसमान बहुत साफ़ नजर आ रहा है|

५-मज़बूत मेरा घर बहुत मज़बूत बना है|

६-बढ़िया मुझे बढ़िया-बढ़िया खाना खाना पसंद है|

## ५-समान तुकवाले शब्द लिखिए-

१-कहानी-पानी २-फल-बल ३-छोड़े-मोड़ें ४-झोली-बोली

५-सिपाही-तबाही ६-पाके-जाके

-----------------------------